डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचलएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 – 2083 | भोपाल, दिन शुक्रवार, दिनांक 15 मई 2026

न्यूज गैलरी

आज कई इलाकों में 6 घंटे तक बिजली कटौती

भोपाल। सुबह 8 से 2 बजे तक हाउसिंग बोर्ड एक्सटेंशन, एलआईजी, एमआईजी और आसपास क्षेत्र। सुबह 8 से 2 बजे तक अयोध्या नगर सी सेक्टर, एल सेक्टर, सेंट कॉन्वेंट स्कूल और आसपास क्षेत्र। सुबह 8 से 12 बजे तक शिव नगर, सुल्तान कॉम्प्लेक्स, रत्नागिरी, कल्पना नगर, सोनागिरी ए सेक्टर। सुबह 8 से 12 बजे तक ग्रीन वैली, कोलुआ गांव, सागर लैंडमार्क। सुबह 8 से 12 बजे तक एमराल्ड हाईराइज, इको ग्रीन पार्क। सुबह 9 से 12:30 कॉलोनी, ई सेक्टर, सलैया गांव।

बजे रूप्रमोशन पॉलिसी बदली, अफसरों में नाराजगी

भोपाल। भारतीय रिजर्व बैंक में पदोन्नति नीति में बदलाव के बाद अधिकारियों में नाराजगी बढ़ गई है। 5 मई 2026 को जारी सर्कुलर में ग्रेड-ए सहायक प्रबंधकों की ग्रेड-बी पद पर समयबद्ध पदोन्नति खत्म कर इसे मेरिट आधारित कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि 3000 से ज्यादा सहायक प्रबंधकों के मुकाबले हर साल सिर्फ 30 से 40 पद खाली होते हैं, जिससे प्रमोशन प्रभावित होगा। एयरबोए और सचिव एसोसिएशन ने 8 मई को केंद्रीय और आंचलिक कार्यालयों में ज्ञापन सौंपा। उप गवर्नर जे स्वामीनाथन ने स्टाफ नियम 1949 के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी है।

32: नियोक्ता अंश लौटाने की मांग की

भोपाल। भोपाल के होशंगाबाद रोड से मप्र वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों की ओर से प्रबंध संचालक को पत्र भेजकर पेंशन योजना में रोकी गई 32 प्रतिशत नियोक्ता राशि तत्काल लौटाने की मांग की गई। पत्र में लिखा गया है कि कर्मचारियों की पेंशन स्कीम नियोक्ता के कहने और आदेश से एलआईसी के माध्यम से कराई गई, कर्मचारी सीधे एलआईसी के पास नहीं गए। पत्र के अनुसार प्रबंधन और एलआईसी के बीच विवाद चल रहा है, जिसका निराकरण प्रबंधन स्तर पर करने का अनुरोध किया गया है। एक कर्मचारी ने कहा, रुकी राशि लौटेगी तो पेंशन खाते में नियमितता आएगी। मामले पर प्रबंधन पक्ष का कहना है कि विवाद सुलझाकर भुगतान प्रक्रिया स्पष्ट की जाएगी। पत्र की प्रतिलिपि प्रमुख सचिव, वित्त नियंत्रक और संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

मकान खाली करने को कहा, तो रेप का केस लगाया, कोर्ट से बरी

भोपाल। कोर्ट ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी मनीष मीणा को बरी कर दिया है। विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर पाया। कोर्ट ने यह भी माना कि दोनों परिवारों के बीच मकान खाली कराने को लेकर विवाद चल रहा था। यह तथ्य भी सामने आया कि पीड़िता का परिवार आरोपी के बड़े भाई के मकान में किराए से रहता था। आरोपी का भाई मकान खाली करने का दबाव बनाता था।

हादसे में मौत, परिवार को 59. 67 लाख रु. मुआवजा

भोपाल। बैरसिया में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनोहरलाल की सड़क हादसे में मौत के मामले में भोपाल कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने ट्रैक्टर चालक की लापरवाही मानते हुए मृतक की

अनुशासनहीनता पर भाजपा की सख्त कार्रवाईरू पीएम मोदी की 'ईंधन बचत, अपील की अनदेखी पड़ी भारी

100 गाड़ियों का काफिला लेकर निकले जिला अध्यक्ष, संगठन ने दिखाया बाहर का रास्ता

डीआर संवाददाता»» भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की अपील के बावजूद निकाली गई वाहन रैली को संगठन ने अनुशासनहीनता माना। मामले की जानकारी सामने आने के बाद प्रदेश भाजपा संगठन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सज्जन सिंह यादव को सज्जन सिंह यादव किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पद से हटाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। संगठन का मानना है कि पार्टी की कार्यशैली और शीर्ष नेतृत्व के संदेश के विपरीत इस तरह की वाहन रैलियां गलत संदेश देती हैं और यह प्रधानमंत्री की अपील की अवहेलना है। भिंड के भाजपा नेता सज्जन सिंह ने गुरुवार को 100 से अधिक लग्जरी वाहनों के साथ शहर में प्रवेश किया था। इस दौरान शहर का ट्रैफिक बाधित हुआ तो हॉर्न बजाने और नारेबाजी के कारण शोर भी हुआ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने यह कार्रवाई की है। इस मामले ने देश में यह पहली कार्रवाई है। नियुक्ति के 18 दिन में ही भाजपा ने उन्हें भिंड जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद से हटा दिया है। बता दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह दिन में दो बार ईंधन बचाने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने अपने काफिले के वाहन कम कर दिए। देश के गृह मंत्री अमित शाह, अन्य विभागों के मंत्रियों, मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रियों ने भी काफिले से वाहन कम कर दिए। इसके बाद भी सज्जन अध्यक्ष बनने के बाद शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे।

नोटिस जारी, सभी...

कार्यकर्ता का भी रवैया... [illegible]

अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की जाएगी

जयपाल सिंह चावड़ा ने बताया कि मामलात्र के बाद जहां-जहां से ऐसे मामले सामने आए हैं, वहां की जानकारी लेकर जिम्मेदारों से बातें की जा रही हैं। अभी भिंड का मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में भिंड के किसान अध्यक्ष को दायित्व मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां भी इस तरह की अनुशासनहीनता सामने आएगी, उनके खिलाफ सख्त निर्णय लिए जाएंगे।

पीएम और सीएम की पेट्रोल बचाओ अपील के बाद देश में पहली कार्रवाई

मप्र पाठ्यपुस्तक निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष को भी शक्ति प्रदर्शन पड़ा भारी

नोटिस जारी, सभी प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार निरस्त

मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक व निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौभाग्य सिंह को अपना पदभार ग्रहण करने के दौरान शक्ति प्रदर्शन करना बेहद महंगा पड़ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए सौभाग्य सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, मामले के अंतिम निराकरण तक उनके सभी प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। दरअसल, पदभार ग्रहण करने के लिए सौभाग्य सिंह लगभग 100 गाड़ियों के काफिले के साथ सिंह ठाकुर निकले थे। सोशल मीडिया और मीडिया रिपोर्टिंग के जरिए यह मामला मुख्यमंत्री कार्यालय के संज्ञान में आया। शासन ने इसी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन और गंभीर अनुशासनहीनता माना है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया कि इस तरह की विशाल रैली न केवल राष्ट्रीय संसाधनों का अपव्यय है।

पार्टी ने किया था जवाब तलब

मामला सामने आने के बाद भाजपा संगठन ने सज्जन सिंह यादव से चर्चा की। उनसे जवाब तलब किया तो सज्जन सिंह यादव ने पार्टी नेतृत्व को सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी कार्यकर्ता या समर्थक को वाहन लेकर आने के लिए नहीं कहा था। लोग स्वेच्छा से काफिले में शामिल हुए थे और यह पार्टी के प्रति उनका उत्साह व प्रेम था। उनका कहना था कि उन्होंने किसी को काफिले के लिए आमंत्रित नहीं किया था। लोग स्वयं शामिल हुए थे।

हादसे में 5 लोगों की मौत 25 अन्य घायल, शवों के टुकड़े 25 फीट दूर गिरे

देवास की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

डीआर संवाददाता»» देवास

शहर से 20 किमी दूर एबी रोड स्थित टोंककला ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा हुआ, फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दूर तक सुनाई दी। लोगों की मौत हो गई। इसमें तीन मौके पर तो दो अस्पताल में जान गई। गुरुवार सुबह 11 बजे लगभग हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए। जिन्हें जिला नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को इंदौर के चोइथराम अस्पताल में रेफर किया गया। वहीं सामान्य घायलों को जिला अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया। मृतकों में शेष पेज 8 पर ई दी। हादसे में पांच फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय हिरासत में, घायलों की कार्रवाई की गई

सीएम ने जताया दुख, आर्थिक मदद का का किया ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। घायलों का निःशुल्क इलाज करने के लिए निर्देश दिए हैं। सीएम दिल्ली से सीधे इंदौर पहुंचे।

मप्र में प्री-मानसून सक्रिय... दिन में गर्मी पर शाम को बौछारों के आसार

डीआर संवाददाता»» भोपाल

मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी के बीच मानसून की हलचल दिखाई देने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 48 घंटे में अंडमान निकोबार पहुंच सकता है। बंगाल की खाड़ी में नहीं सक्रियता का असर अब मप्र के मौसम पर भी दिखने लगा है।

दिन के समय लू और 44 डिग्री तक तापमान बना हुआ है, लेकिन शाम होते-होते कई शहरों में तेज हवाएं और हल्की बारिश का दौर शुरू हो रहा है। इसे मजबूत प्री-मानसूनी एक्टिविटी माना जा रहा है। बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने के कारण महाकौशल, विंध्य और भोपाल संभाग में मौसम तेजी से बदल रहा है। भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ में बादल छा सकते हैं। वहीं जबलपुर, मंडला, सिवनी, रीवा, सतना और सिंगरौली में हल्की बारिश की संभावना है।

भोपाल में पारा 43 के पार

गुरुवार को भोपाल समेत 19 जिलों में तापमान 43 डिग्री या उससे अधिक दर्ज किया गया। नौगांव 44.8 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। भोपाल में तापमान 43.4 डिग्री तक पहुंच गया

शादी से लौट रहे परिवार का 25 लाख की ज्वेलरी से भरा बैग छूटा, डोडी के स्टाफ ने लौटाया

डीआर संवाददाता»» भोपाल

मध्यप्रदेश पर्यटन निगम की डोडी यूनिट के कर्मचारियों ने ईमानदारी दिखाते हुए करीब 25 लाख रुपए के गहनों और कीमती सामान से भरा बैग उसके मालिक को सुरक्षित लौटा दिया। उज्जैन से भोपाल लौट रहे इंजीनियर अशोक गुप्ता का परिवार इंदौर-भोपाल हाईवे स्थित डोडी यूनिट पर रुका था। इसी दौरान उनका ज्वेलरी से भरा बैग वहां छूट गया।

परिवार डोडी से पास भोपाल पहुंच गया। यहां आकर देखा तो बैग नहीं था। चूंकि परिवार डोडी में रुका था, इसीलिए अशोक और उनके दामाद परिवाय डोडी पहुंचे। उन्होंने यूनिट प्रबंधक राजेश घुमानी को जानकारी दी। घुमानी ने करीब दो घंटे तक सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई। जांच में पता चला कि रेस्टोरेंट कर्मचारी पप्पू बागवान और अशोक बागवान को बैग लावारिस हालत में मिला था। दोनों कर्मचारियों ने बैग सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षित रखने के लिए सौंप दिया था। परिवार ने बैग वापस मिलने पर डोडी के दोनों कर्मचारियों को 11-11 हजार रुपए इनाम स्वरूप दिए हैं।

---

2 घंटे कोर्ट में रहे विधायक पाठक, हाजिरी से माफी की अर्जी नामंजूर

डीआर संवाददाता»» जबलपुर

हाई कोर्ट जस्टिस को फोन कॉल किए जाने के बहुचर्चित मामले में भाजपा विधायक संजय पाठक को गुरुवार को व्यक्तिगत रूप से हाई कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना पड़ा। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि विधायक की भौतिक उपस्थिति के बिना उनके द्वारा दाखिल हलफनामे पर विचार नहीं किया जाएगा। इसी आदेश के अनुपालन में पाठक दोपहर 3 बजे कोर्ट पहुंचे और करीब दो घंटे तक कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे। इससे पहले विधायक ने अपनी दलील में कहा था कि जस्टिस का नंबर उनसे गलती से डायल हो गया था और उन्होंने व्यक्तिगत पेशी से छूट मांगी थी, जिसे कोर्ट ने न्यायपालिका की गरिमा का हवाला देते हुए सिरे से खारिज कर दिया।

जनगणना ड्यूटी पर नहीं पहुंचा निगमकर्मी सस्पेंड

भोपाल। जनगणना के मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही पर नगर निगम ने वार्ड-49 में पदस्थ कर्मचारी आकाश प्रजापति को निलंबित कर दिया। प्रजापति पूरा काम से नदारद रहा। वार्ड जोन-18 में उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। निगम अधिकारियों के मुताबिक वार्ड अधिकारी ने उन्हें फोन कर ड्यूटी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए थे, लेकिन वे मौके पर नहीं पहुंचे। इसके बाद निगम प्रशासन ने इसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में गंभीर लापरवाही और कर्तव्य में उदासीनता मानते हुए तत्काल निलंबन की कार्रवाई

कायाकल्प योजना में आलोट विधायक चिंतामणि की जमीन का कायाकल्प

भाजपा विधायक और करीबियों के खेतों से सटकर बनी करोड़ों की सड़क

डीआर संवाददाता»» छतरपुर

रतलाम जिले के आलोट में कायाकल्प योजना 2.0 के तहत बनी एक सड़क को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि शहरी क्षेत्र के लिए मंजूर सड़क को ग्राम पंचायत क्षेत्र में बनाया गया, जिससे वहां मौजूद भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय और उनके करीबियों की जमीनों को सबसे अधिक फायदा हुआ। मामला आलोट नगर परिषद से जुड़ा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरों में सीमेंट-कांक्रीट सड़कें बनाने के लिए कायाकल्प अभियान 2.0 शुरू किया था। योजना की शर्त थी कि सड़कें केवल नगरीय सीमा में ही बनेंगी। इसके बावजूद 23 जनवरी 2024 को नगर परिषद ने महादेव मंदिर से आगर-बड़ौद लिंक रोड तक सड़क निर्माण को मंजूरी दे दी। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह क्षेत्र धरोला ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। इसके लिए शासन ने 1 करोड़ रु. भी स्वीकृत किए। यह भी बताया है कि सड़क निर्माण की जमीन नगर परिषद की है, जबकि उसके आसपास विधायक और करीबियों की जमीन है। पूरे मामले की शिकायत मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, कलेक्टर और लोकायुक्त पुलिस से की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके चलते शिकायतकर्ता ने अब हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिका लगाने की तैयारी कर ली है। याचिका में मामले की जांच ईओडब्ल्यू या लोकायुक्त से कराने की मांग भी की गई है।

सड़क का प्रस्ताव भोपाल से बनाकर भेजा गया: सीएमओ

कायाकल्प योजना के तहत जो सड़क बनी है, वह जमीन और शहरी दोनों क्षेत्रों में है। ये क्षेत्र आलोट नगर से 500 मीटर दूर है। सड़क का प्रस्ताव नगर परिषद ने नहीं बनाया था। ये प्रस्ताव भोपाल से आकर स्वीकृत हो आया था, जिसे पीआईसी ने मंजूर किया।

— सीएमओ, आलोट

गेहूं उपार्जन | प्रधानमंत्री मोदी के पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग के आह्वान पर किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सकारात्मक पहल दिल्ली मेट्रो में किया सफर,

डीआर संवाददाता»» भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली प्रवास के दौरान मेट्रो ट्रेन से सफर कर मितव्ययता का उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि देश में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, प्रदूषण और वर्तमान वैश्विक संकट के दृष्टिगत भविष्य के लिए ईंधन की बचत और वर्तमान में की जा रही खपत को कम करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार पब्लिक ट्रांसपोर्ट और मेट्रो के अधिक

समय की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी उपयोगी है मेट्रो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो सफर के संदर्भ में कहा कि मेट्रो जैसी आधुनिक परिवहन साधन

केंद्रीय मंत्री शाह से मिले मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मप्र के नक्सल उन्मूलन व कानून व्यवस्था पर हुई चर्चा



सीएम का संदेश कि यदि जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकते हैं तो सभी इसे अपनी दिनचर्या का

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में नक्सल उन्मूलन अभियान की जानकारी दी। सीएम डॉ. यादव ने विशेष रूप से डिंडौरी और बालाघाट क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और प्रशासन द्वारा किए जा रहे विकास एवं शांति प्रयासों का उल्लेख किया।

लव जिहाद विवाद के बाद आधी रात हुआ था हंगामा, दोनों मामलों में 11 गिरफ्तार

पीरगेट पथराव के बाद जुमे पर अलर्ट, भारी फोर्स के साथ 3 कंपनी एसएएफ भी तैनात

डीआर संवाददाता»» भोपाल

गोविंदपुरा में पिछले दिनों मुस्लिम युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाकर मारपीट के मामले और इसके बाद पीरगेट और इमामी गेट पर प्रदर्शन करने वालों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। दोनों मामलों में अब तक 11 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इ, इनमें से 7 आरोपी वो हैं, जिन पर मुस्लिम युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाकर मारपीट और धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप है, जबकि मोती मस्जिद के पास आधी रात भीड़ जुटाने, पुलिस की गाड़ी पर पथराव पर हंगामा करने के आरोप में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। म हंगामा और पथराव के मामले में 100 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मंगलवार रात में हुए हंगामे से सबक लेते हुए पुलिस ने जुमे के दिन इकबाल मैदान समेत पुराने शहर में जुमे पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। पीरगेट, इमामी गेट और मोती मस्जिद समेत अन्य स्थानों पर भारी फोर्स के साथ एसएएफ की तीन कंपनियां लगाई गई हैं। कैमरों से भी निगरानी होगी, ताकि हर सूचना पुलिस तक समय पर पहुंचे।

१० मई की घटना के बाद बढ़ा था विवाद

भड़काऊ पर हिंदू संगठन अध्यक्ष पर केस

कमिश्नर बोले- बेवजह भीड़ जुटाई तो कार्रवाई

शहर काजी की अपील- भीड़ न जुटाएं

इधर, पुलिस की कार्रवाई के बाद शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने मुस्लिम समाज के लोगों को शांति-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने वीडियो जारी कर अपील की है कि जुमे की नमाज पर इकबाल मैदान में भीड़ इकट्ठा नहीं करें। ऐसे मैसेज भी सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए। कांग्रेस विधायक आरिफ अकील और आरिफ मसूद ने भी शांति बनाए रखने की अपील की

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 - 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 15 मई 2026

न्यूज गैलरी

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 मई को

सीहोर। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार 22 मई को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंजीयक एवं सहकारी संस्थायें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

राशन हितग्राही 15 मई से पहले प्राप्त कर लें मई और जून माह की राशन सामग्री

सीहोर। खाद्य विभाग द्वारा राशन हितग्राहियों को मई और जून दोनों महीनों की राशन सामग्री एक मुश्त प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मई और जून का राशन एक साथ देने की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाई गई है, पहले अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी। सभी राशन हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपनी मई और जून माह की राशन सामग्री अपनी उचित मूल्य की दुकान से 15 मई से पहले प्राप्त कर लें।

वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई

सीहोर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 12 जून से 19 जून 2026 तक सीहोर जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई 2026 है। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट ... ऑनलाइन कर यह पोर्टल के माध्यम से ही दर्ज किए जा सकते हैं। निर्धारित कोटे से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में पात्र आवेदकों का चयन कम्प्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार, ऑनलाइन आवेदन शुरू

सीहोर। राज्य शासन ने मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार नवाचार के लिए 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तय की गई है। यह पुरस्कार शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन, जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए दिया जाएगा। पुरस्कार 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिए जाएंगे।

ड्रॉपआउट छात्रों को फिर पढ़ाई से जोड़ने की पहल

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कॉलेज चलो अभियान चल रहा है। कॉलेज की समिति ग्रामीण इलाकों में पहुंच रही है। शहरी क्षेत्रों में भी संपर्क किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा के मुताबिक टीम विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत संपर्क कर रही है।

बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ी निगरानी

सीहोर। जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, संवेदनशील स्थानों और बैंकों के आसपास वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस बल लगातार निगरानी रख रहा है, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

धूल भरी आंधी — सरकार का समर्थन पाने, मई महीने की झुलसाती गर्मी और 44 डिग्री पारे में परेशान किसान, जिम्मेदार मौन

इंतजार करें आप क्यू में हैं: पहले स्लॉट के लिए कतार, फिर तुलाई की मार, अब कैश की परेशानी

किसानों बोले, सरकार ने पंजीयन तो 1 लाख से अधिक का किया, लेकिन पोर्टल बंद कर अब उन्हें अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है।

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने निकला किसान तारीख पर तारीख और कतार पर कतार के चक्रव्यूह में फंस गया है। हालात यह है कि पोर्टल पर कृपया इंतजार करें, आप क्यू में हैं, का मैसेज देखते-देखते किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है। जिले में करीब 10 हजार से अधिक किसान ऐसे हैं, जिनके पास उपज तो है लेकिन स्लॉट बुकिंग बंद होने से वे मंडियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

बता दें जिले में कुल 82 हजार 334 किसानों ने स्लॉट बुक किए थे, जिनमें से अब तक लगभग 76 हजार 683 किसानों से ही खरीदी हो पाई है। स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया बंद होने से शेष बचे हजारों किसान अधर में लटके हैं।

किसानों का कहना है कि सरकार ने पंजीयन तो 1 लाख से अधिक का किया, लेकिन पोर्टल बंद कर अब उन्हें अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है। केन्द्रों पर रुजगार और बारदानी का हवाला देकर समर्थन मूल्य केंद्रों पर तुलाई की रफ्तार कछुआ गति से चल रही है। श्यामपुर-इछावर रोड स्थित भंडारण वेयरहाउस जैसे केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी हैं, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। किसानों को अपनी बारी के लिए चिलचिलाती धूप में दो-दो दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। ऊपर से केंद्रों पर बारदानों की कमी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। जिले में खरीदी के आंकड़े कुल पंजीयन 1,02,454 किसान स्लॉट बुकिंग 82,334 किसानों तक

खरीदी 76,683 किसान कुल गेहूं खरीदी 5.81 लाख मीट्रिक टन सक्रिय केंद्र 240

सियासी शोर के बीच परेशानी

जिला मुख्यालय, बुधनी और भैरूंदा सहित पूरे जिले में किसान संगठनों और कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी है। हालांकि केंद्र में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने किसानों से कई वादे किए हैं, लेकिन धरातल पर वास्तविक व्यवस्थाएं पूरी तरह फेल नजर आ रही हैं।

बिक गई उपज, तो बैंक में नहीं है पैसा

मुसीबत यहीं खत्म नहीं होती। जिन किसानों की उपज तुल गई है, उन्हें अब अपनी मेहनत की कमाई निकालने के लिए सहकारी बैंकों के बाहर डेरा डालना पड़ रहा है। बैंकों में कैश का भयंकर संकट है। जहां रोजाना 1 करोड़ की जरूरत है, वहां बैंक को मुश्किल 20-30 लाख मिल रहे हैं। आलम यह है कि किसानों को 50 हजार रुपये से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा रहा जिससे उनकी अगली फसल की तैयारी और घरेलू काम प्रभावित हो रहे हैं।

किसानों की मांग

परेशान किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग फिर से खोली जाए तुलाई केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और बैंकों में पर्याप्त कैश की व्यवस्था की जाए

अपहरण कांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

डीआर संवाददाता»सीहोर

झावला गांव के किसान के अपहरण मामले में गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। नारेबाजी कर गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि बिलकिसगंज पुलिस ने अब तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पूरे मेवाड़ा समाज में आक्रोश है। किसानों ने मांग की कि आरोपियों पर जल्द सख्त कार्रवाई हो। प्रदर्शन समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में हुआ। प्रशासन से मांग की गई कि अपहृत किसान प्रेम सिंह मेवाड़ा को न्याय मिले। ज्ञापन लेने पहुंचे नायब तहसीलदार को किसानों और मेवाड़ा समाज के लोगों ने वापस लौटा दिया।

प्रदर्शनकारी बोले, उनकी बात सक्षम अधिकारी सुनें। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर जमील खान पहुंचे। उन्होंने किसानों और समाजजनों का ज्ञापन लिया। इस दौरान कोतवाली टीआई रविंद्र यादव और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। धरने में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। ज्ञापन में

मांग की गई कि अपहरण कांड के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, जबरन कराए गए जमीन के एग्रीमेंट को निरस्त किया जाए। परिवार को सुरक्षा देकर दोषियों को सजा दिलाई जाए। कलेक्ट्रेट के बाद किसान एसपी कार्यालय पहुंचे। वहां भी कार्रवाई को लेकर ज्ञापन दिया।

ये है पूरा मामला

पीड़ित प्रेम सिंह मेवाड़ा ने बताया कि 12 मई, मंगलवार को सुबह 9 बजे के बीच कार से कुछ गुंडे उनका अपहरण कर अलग-अलग रास्तों से भोपाल ले गए। वहां डराकर-धमकाकर उनके नाम से जबरदस्ती रजिस्ट्री कराई गई। रकबा 7.64 एकड़ बताया गया। आधार कार्ड, मोबाइल भी लिया गया। फिंगरप्रिंट लिए गए।

एनीमिया मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी

डीआर संवाददाता»सीहोर

... विभाग, भोपाल एम्स और एनएसएस द्वारा एनीमिया मुक्त भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

इस अवसर पर इस दौरान प्रोफेसर फेकल्टी, डॉ. ... डाबर, सुश्री अनुषा ऐवेंजर और डॉ. पूर्वा भवानी द्वारा सीहोर जिले में एनीमिया पर किये गये अध्ययन एवं उसके प्राप्त परिणामों की व्याख्या की गई।

डिप्टी कलेक्टर डा. हीमानी यादव ने एनीमिया मुक्त भारत पर प्रकाश डाला और सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने सुझाव दिए। इस अध्ययन का उद्देश्य लोगों को एनीमिया के प्रति जागरूक करना एवं एनीमिया से होने वाले नुकसान से अवगत कराकर उपचार उपलब्ध कराना था।

जमीन विवाद में युवक की मौत, थाने के बाहर शव रखकर परिजनों का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता»सीहोर

सीहोर जिले के इछावर क्षेत्र के कालापीपल जागीर गांव में पुरानी जमीनी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत के बाद मामला गरमा गया। युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने इछावर थाने के बाहर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया और घटना में शामिल सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया।

परिजनों का आरोप है कि मारपीट में कई लोग शामिल थे, लेकिन अब तक सभी

आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एहतियात के तौर पर कालापीपल गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, 28 अप्रैल की शाम अनूप वर्मा खेत पर मोटर चालू करने गए थे। इसी दौरान पुराने जमीन विवाद को लेकर कहासुनी हुई।

गृहस्थी का सामान जलकर राख

डीआर संवाददाता» सीहोर

सीहोर के गंज क्षेत्र स्थित शिवाजी कॉलोनी में देर रात एक रिहायशी मकान में भीषण आग लगने से परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में अनाज, कपड़े और घर का अन्य सामान पूरी तरह जल गया, जिससे पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, घटना अंबेडकर पार्क के पीछे स्थित शिवाजी कॉलोनी में हर्ष मालवीय पिता पप्पू मालवीय के मकान की है। देर रात अचानक घर में आग भड़क उठी और कुछ ही देर में उसने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटों ने घर के अंदर रखे सामान को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे परिवार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना तत्काल नगर पालिका दमकल विभाग को दी गई। शिवाजी कॉलोनी की संकरी गलियों के कारण दमकल वाहन को मौके तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई। इसके बावजूद फायर चालक आरिफ खान और फायरमैन अतीक ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सीहोर में भीषण गर्मी का कहर, पारा 42 डिग्री के पार

सीहोर। जिले में शुक्रवार को भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। दिन का अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि रात में तापमान 28 से 29 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम पूरी तरह साफ और धूप वाला रहने की संभावना है। कम आर्द्रता और गर्म हवाओं के कारण लोगों को तेज गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हवा की गति करीब 10 से 12 मील प्रति घंटा रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने और

सरिया चोरी मामले का खुलासा करते हुए दो

डीआर संवाददाता»दोराहा

सीहोर जिले के रेहटी थाना पुलिस ने निर्माणाधीन पुलिया से लोहे के सरिया चोरी मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम सोयत निवासी दीपक यादव (25) और नीतेन्द्र लोधी (35) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एनएच-146 बी निर्माण कार्य स्थल से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहे का सरिया चोरी करना स्वीकार किया।

घटना 11 मई की रात बलखाना नहर के पास निर्माणाधीन बॉक्स कलवर्ट पर हुई थी। सुरक्षा गार्ड साहिल कुशवाह ने आरोपियों को चोरी करते देख रोकने का प्रयास किया, जिस पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटरसाइकिल और चोरी का सामान छोड़कर फरार हो गए।

मामले में थाना रेहटी में

बाबा अमरनाथ सेवा मंडल ने सौंपा ज्ञापन, अमरनाथ यात्रियों के लिए मालवा में अतिरिक्त कोच बढ़ाने की मांग

डीआर संवाददाता»सीहोर

बाबा अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी सीहोर के सदस्यों ने पश्चिम रेलवे डीआरएम रतलाम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मालवा एक्सप्रेस में यात्रियों की लंबी वेटिंग लिस्ट का हवाला देते हुए अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की गई। मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मालवा

एक्सप्रेस में लगातार लंबी वेटिंग रहने के कारण कई श्रद्धालुओं को यात्रा करने में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि यात्रा अवधि के दौरान मालवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। इस दौरान मंडल के कई सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

शिविर लगाए — शिक्षा विभाग का शिविर, 18 बिन्दुओं की जानकारी भरना है

34 हजार बच्चों का नामांकन नहीं, आधे प्राचार्य ही डेटा अपडेट कराने पहुंचे

डीआर संवाददाता»सीहोर

शिक्षा विभाग ने गुरुवार से सभी विकासखंडों में लंबित काम निपटाने के लिए शिविर लगाए। सभी प्राचार्यों को शिविर में पहुंचकर 18 बिंदुओं की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। सबसे प्रमुख काम बच्चों का नामांकन है। क्योंकि 34 हजार 736 का नामांकन अभी बाकी है।

समीक्षा के लिए उप संचालक कनक प्रसाद और डीईओ संजय सिंह तोमर भी आए। सीहोर विकासखंड के एसबीलेसमें लगे शिविर में बीईओ दीपा कौर मौजूद रहीं।

पहले दिन पोर्टल धीमा चला। करीब 10 संकुलों से 25 के आसपास यानी आधे प्राचार्य पहुंचे। बाकी प्राचार्य दूसरे दिन जानकारी दर्ज कराएंगे।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने के कारण

1. निजी स्कूलों की ओर झुकाव: अभिभावक अंग्रेजी शिक्षा, अनुशासन और सुविधाओं के कारण सरकारी स्कूल छोड़कर निजी में बच्चों का प्रवेश कराते हैं। 2. पलायन: मजदूरी या रोजगार के लिए परिवारों का शहरों या दूसरे राज्यों में जाना बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित करता है। कई बच्चे स्कूल बदल नहीं पाते और नामांकन बाहर हो जाते हैं।

3. आर्थिक समस्या: कई बच्चे मजदूरी करने लगते हैं। घरेलू काम में लग जाते हैं, या पढ़ाई का खर्च वहन नहीं हो पाता। ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे खेती, दुकान या घरेलू कार्यों में लग जाते हैं, जिससे स्कूल जाना छूट जाता है।

6. स्कूलों में सुविधाओं की कमी: कई स्कूलों में सुविधाओं की आज भी कमी बनी हुई है। शिक्षकों की कमी है। भवन जर्जर है। शौचालय या पानी की समस्या के अलावा डिजिटल शिक्षा की सुविधा नहीं है।

7. शिक्षकों की कमी और पढ़ाई की गुणवत्ता: कई स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं होते या पढ़ाई का स्तर कमजोर होता है। इससे बच्चों और अभिभावकों की रुचि घटती है।

8. अभिभावकों में जागरूकता की कमी: कुछ परिवार शिक्षा के दीर्घकालिक महत्व को पर्याप्त रूप से नहीं समझते।

जंगल में अज्ञात बाबा का क्षत-विक्षत शव मिला

डीआर संवाददाता»सलकनपुर

विश्व प्रसिद्ध सलकनपुर देवी धाम के जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात बाबा का क्षत-विक्षत शव मिला है। जंगली जानवरों ने शरीर का कुछ हिस्सा नोच लिया था। पुलिस के मुताबिक डायल 112 पर सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पहचान नहीं होने पर सब प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार कराया। स्थानीय व्यापारी दिलीप मालवीय ने बताया कि बाबा कई वर्षों से सलकनपुर क्षेत्र में रह रहे थे। वह रोज मंदिर मार्ग पर दंडवत करते हुए

माता के दर्शन करने जाते थे। दर्शन के बाद लौटते थे। आसपास के लोगों से भोजन ग्रहण करते थे। दिलीप के मुताबिक बाबा से कई बार परिवार और निवास स्थान के बारे में पूछा गया। बाबा ने कभी जानकारी साझा नहीं की। बताया जा रहा है कि कोरोना लॉकडाउन के बाद से बाबा इसी तरह तपस्या और भक्ति में लीन रहते थे। पुलिस बाबा की पहचान और मौत के कारणों की जांच कर रही है।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 - 2083 सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 15 मई 2026

न्यूज गैलरी

डेढ़ साल में उखड़ने लगी राला-नंदगांव सड़क

भैरूंदा। तहसील से करीब 4 किलोमीटर दूर राला-नंदगांव सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। करीब डेढ़-दो साल पहले बनी 2 किलोमीटर लंबी सड़क पर अब तक 15 से अधिक गड्ढे बन चुके हैं। सड़क किनारे साइड पटाई नहीं होने से हादसों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि वाहन सवार आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। पुल के दोनों ओर भी गिट्टी निकलने लगी है, जिससे सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

जलकुंभी हटाने का काम एक सप्ताह बाद भी शुरू नहीं

सीहोर। सीवन नदी को जलकुंभी और प्रदूषण से मुक्त करने के लिए नगर पालिका ने कस्बा पुल के पास जमा पानी निकाल दिया था। योजना के अनुसार पानी सूखने के बाद जमीन पर बची जलकुंभी हटाई जानी थी, लेकिन एक सप्ताह बाद भी काम शुरू नहीं हो सका। नगर पालिका के सहायक यंत्री [illegible] ने बताया कि अब जलकुंभी को जड़ से हटाना आसान हो गया है। जल्द ही सफाई अभियान चलाकर नदी क्षेत्र को साफ किया जाएगा।

छात्राओं को सिविल सर्विस में आने की दी प्रेरणा

सीहोर। सीहोर में आयोजित समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा ने छात्राओं से संवाद किया। [illegible]

उप पुलिस महानिरीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण

जावर। थाना परिसर में उप पुलिस महानिरीक्षक विनीत कपूर ने आकस्मिक निरीक्षण किया। [illegible]

जनसेवा कैंप में सरकारी योजनाओं की जानकारी

जावर। [illegible]

छ्रष्टाचार का मामला | सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में 46 लाख रुपए के गबन का मामला

सिविल अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की

सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में 46 लाख रुपए के गबन को लेकर डॉक्टरों और कर्मचारियों ने विरोध किया। अस्पताल परिसर में हाथों पर काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने आयुष्मान घोटाले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और लंबित भुगतान की मांग की। आपको बता दें कि तीन माह पूर्व सिविल अस्पताल आष्टा में 46 लाख रुपए से अधिक का आयुष्मान घोटाला उजागर हुआ था जिसके बाद आयुष्मान [illegible] के आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने 6 सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच करवाई थी वहीं बीते दिनों जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी है लेकिन अब तक दोषियों पर कार्यवाही देखने को नहीं मिली है जिसके चलते अब स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ सिविल अस्पताल के ईमानदार और निष्ठावान डॉक्टर और कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है जहां [illegible] देकर कार्यवाही की मांग की गई थी वहीं अब सिविल अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने विरोध प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग उठाई है प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत गरीबों के उपचार के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का वितरण नियमानुसार डॉक्टरों और स्टाफ में होना था। आरोप है कि तत्कालीन [illegible] प्रक्रिया में हेराफेरी कर लगभग 46 लाख रुपए का गबन कर लिया गया। कई महीनों से भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

पूरी हो चुकी जांच, कलेक्टर से लेकर आयुक्त तक पहुंची रिपोर्ट, कार्रवाई नहीं

मामले की शिकायत के बाद डेढ़ महीने की लंबी पड़ताल के [illegible]

बाद 6 सदस्यीय जांच टीम ने विभागीय जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया को पेश की इसके बाद सुधीर डहरिया ने यह रिपोर्ट कलेक्टर [illegible] को पेश की फिर जानकारी आई कि इसके बाद रिपोर्ट को स्वास्थ्य आयुक्त को भेजी लेकिन इन सबके बावजूद आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि में घोटाला करने वाले दोषियों पर अब तक एफआईआर तो दूर की बात है विभागीय कार्यवाही तक नहीं की गई है। वहीं जांच रिपोर्ट भी प्रशासन ने अब तक सार्वजनिक नहीं की है।

भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत, जांच रिपोर्ट दबा कर बचाने का प्रयास

सिविल अस्पताल के डॉ. भूपेंद्र परमार और स्टाफ जैसे टेक्नीशियन रविकांत, ज्योति [illegible] के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि जांच रिपोर्ट दबाकर दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं राजनीतिक संरक्षण के चलते इस तरह से घोटालों को अंजाम देने वालों पर कार्यवाही नहीं हो रही है तो सिविल अस्पताल के ईमानदार निष्ठावान कर्मचारियों का मनोबल भी टूट रहा है। कर्मचारियों ने बीएमओ डॉ. अमित माथुर को आवेदन देकर मांग की है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और पात्र कर्मचारियों को उनकी राशि दी जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई, नवागत एसपी ने सुनी आमजन की समस्याएं,

डीआर संवाददाता»सीहोर

आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीहोर में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान नवागत पुलिस अधीक्षक सीहोर श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर सभी आवेदकों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना। प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को पुलिस प्रशासन से सीधे जोड़ना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।

आज की जनसुनवाई में कुल 24 शिकायतकर्ता उपस्थित हुए, जिन्होंने अपनी विभिन्न शिकायतों और समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। प्राप्त शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर डॉ. अभिनंदना शर्मा भी उपस्थित रहीं।

कुणाल ने खेली 34 रन की पारी, इशान ने लिए 3 विकेट

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के भोपाल नाका स्थित आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह आरएसआई और कालापीपल के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया। इस दौरान कोच अरुण दुबे, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और अजय [illegible] आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

कोच अरुण दुबे ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी ने 37 ओवर में दस विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। इसमें कुणाल ने 34 रन, [illegible] ने 20 रन, रोहित चौहान ने 15 रन, कृष्णा, लोकेन्द्र ने 14-14 रन की पारी खेली। वहीं कालापीपल की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनय-[illegible] ने तीन-तीन विकेट, देवांश ने दो विकेट और [illegible] ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कालापीपल की टीम 109 रन पर सिमट गई। इसमें देवांश ने 24 रन, प्रियांशु ने 13 रन बनाए थे। इधर आरएसआई की ओर से गेंदबाजी करते हुए इशान ने तीन विकेट, [illegible], लोकेन्द्र, दिव्यम, [illegible] ने एक-एक विकेट हासिल किया।

कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को किया जा रहा जागरूक

डीआर संवाददाता»सीहोर

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के [illegible] कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा कॉलेज चलो अभियान संचालित किया जा रहा है। कॉलेज की समिति द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत ड्रॉप आउट विद्यार्थियों एवं ऐसे छात्र-छात्राओं को चिन्हित किया जा रहा है जो किसी कारणवश आगे की पढ़ाई से वंचित हैं अथवा कॉलेज में प्रवेश लेने के प्रति जागरूक नहीं हैं।

प्राचार्य डॉ. [illegible] कुमार शर्मा ने बताया कि टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत संपर्क कर संवाद के माध्यम से उच्च शिक्षा के महत्व, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं भविष्य निर्माण की संभावनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही स्कूलों में पहुंचकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न विषयों, नवीन शिक्षा नीति, कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों, कैरियर अवसरों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से जोड़ना, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा युवाओं को आत्मविश्वास एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर करना है। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आ रहे विद्यार्थियों के लिए हेल्प पॉइंट भी बनाया गया है।

कुबेरेश्वरधाम पर प्रदोष के पावन अवसर पर एक क्विंटल फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार

डीआर संवाददाता»सीहोर

देश और विदेश में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर आते हैं। [illegible]

अकार्यशील सहकारी समितियों को कारण बताओ नोटिस जारी

डीआर संवाददाता»सीहोर

[illegible]

इन 12 समितियों को दिया गया है कारण बताओ नोटिस

[illegible]

प्राण-प्रतिष्ठा | अनूठा संगम - अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

गोपेश्वर महादेव मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का

डीआर संवाददाता»सीहोर

शहर के कुबेरेश्वरधाम के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कॉलोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर [illegible]

जिला अस्पताल में शिविर लगाकर की गई जांच

डीआर संवाददाता»सीहोर

राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला अस्पताल में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 61 व्यक्तियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी, एचआईवी तथा सिफलिस की जांच की गई। [illegible]

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष – 13, 2083 | विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 15 मई 2026

न्यूज गैलरी

दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर पलटी गेहूं से भरी ट्राली

सिरोंज। मंडी प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान में उपज की नीलामी कराना किसानों के लिए काफी महंगी साबित हो रहा है। दशहरा मैदान तक का पहुंच मार्ग खराब होने के कारण आए दिन किसानों की उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटने का क्रम हो गया है। गुरुवार को भी लटेरी क्षेत्र के एक किसान की गेहूं से भरी ट्राली इस मार्ग पर पलट गई और ट्राली में लदा सारा गेहूं मैदान में फैल गया।

दो बच्चे जिंदा जले

मंडीबामोरा। एक घर में अज्ञात कारणों से आग लगी, जिसमें 2 बच्चे जिंदा जल गए और लकड़ी, कंडे, भूसा जलकर खाक हो गया। पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार जाटव ने बताया कि गांव के बीचों बीच रघीद रघुवंशी के घर में आग लगी थी, जिसे ग्रामीणों की मदद से बुझाया गया, इसमें कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन 2 बच्चों की जलने से मौत हो गई। उनके साथ रखे 5 मवेशियों को दीवार तोड़कर बचाया गया है।

कांग्रेस की संगठन बैठकें 15 मई से

विदिशा। जिला कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 15 मई से तीन दिवसीय विधानसभा स्तरीय संगठन बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बैठकों में संगठन सृजन, गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा होगी। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधि, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। गौरतलब है कि 15 मई को सिरोंज में सुबह 11 बजे एवं शमशाबाद में दोपहर 3 बजे बैठक आयोजित होगी। वहीं 16 मई को कुरवाई में सुबह 11 बजे तथा गंजबासौदा में दोपहर 3 बजे बैठकें होंगी। 17 मई को विदिशा में सुबह 11 बजे संगठन बैठक आयोजित की जाएगी।

बारदाना संकटग्रस्त किसानों ने लाहोटी केंद्र पर लूटी गवर्नर

विदिशा। जिले में बारदाना संकट लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार दोपहर लाहोटी खरीदी केंद्र पर स्थिति बिगड़ी। नाराज़ आधुनिक निगम की भेजी प्लास्टिक बारदाने की खेप में से किसानों ने अतिरिक्त गठ्ठे लूट लीं। ठेकेदार के माध्यम से 100 गठ्ठों में खरीदी केंद्रों को भेजा गया था। बोलेरो के लगभग 10 गठ्ठे गिरने की बात कही गई। बोलेरो के पीछे-पीछे चल रहे किसानों ने 10 की जगह 20 गठ्ठे उतार लीं। घटना के बाद दूसरे खरीदी केंद्रों तक तय समय में बारदाना नहीं पहुंच सका। अधिकारियों ने पुलिस एसडीएम को सूचना दी।

सावरकर चौकके तिरछी पार्किंग से लग रहा जाम

गंजबासौदा। सावरकर चौक पर सड़क के दोनों ओर खड़े हो रहे दो पहिया वाहनों से रोज जाम जैसे हालात बन रहे हैं। यह मार्ग जवाहर रोड से होकर सिरोंज पीपरहा तक जाने का प्रमुख रास्ता है। वहां दिनभर चार पहिया, दो पहिया वाहनों की आवाजाही रहती है। बाजार में खरीददारी करने आने वाले लोग वाहन सड़क किनारे तिरछे खड़े कर चले जाते हैं। अंदरी रिक्शा, लेंडिंग वाहन, चार पहिया वाहन आमने-सामने आते हैं। सड़क पूरी तरह जाम हो जाती है। जाम लगने के बाद भी वाहन चालिक, दुकानदार वाहन हटाने की पहल नहीं करते।

एक माह के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हुई आगजनी की बड़ी घटनाएं

दुकान और गोदाम में लगी आग 25 लाख रुपए का सामान खाक

भारी मशक्कत के बाद आग पर पाया जा सका काबू।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

कल विदिशा क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे प्रदीप अरोरा की जय गुरुदेव किराना स्टोर में भीषण आग लग गई। आगजनी की इस घटना में पूरी दुकान और ऊपर बना गोदाम आग की चपेट में आ गया। आग लगने के बाद इलाके में धुएं का गुबार देख गया।

दुकान से धुआं उठता देख पास के एक दुकानदार के बड़े भाई ने दुकान संचालक को सूचना दी। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी पानी की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। दुकान में होलसेल और रिटेल दोनों का कारोबार होता था। पीने दुकान और ऊपर गोदाम था, जिसमें बड़ी मात्रा में किराना सामान रखा हुआ था। आग से दुकान का पुराना हिस्सा पूरी तरह प्रभावित हुआ। भवन के पिछले हिस्से में लगी पुरानी लकड़ी की बल्लियां जल गईं, जिससे उनपी मंजिल झुक गई और भवन को भी नुकसान पहुंचा।

आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में करीब 25 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। आगजनी की घटना की सूचना मिलने ही व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन पी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों का बीमा अवश्य कराएं, ताकि ऐसी घटनाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके। जैन ने यह भी कहा कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने व्यापारियों सहित आम लोगों से भी अपील की है कि अपने घरों और दुकानों की वायरिंग की समय-समय पर जांच कराते रहें ताकि ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

24 अप्रैल फर्नीचर की दुकान में लगी आग

24 अप्रैल को बस स्टैंड के पास देवी के बाग क्षेत्र में फर्नीचर दुकान में आग लगी। लाखों रुपए का नुकसान

पलकर शाह हुआ। दुकान में में लकड़ी का फर्नीचर, बिस्तर, कुलर और अन्य घरेलू सामान बड़ी मात्रा में रखा था। ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई थी। वहां भी शॉर्ट सर्किट से आगजनी की बात सामने आई थी। इस घटना में भी व्यापारी का बड़ा नुकसान हुआ। ऐसी घटनाओं को व्यापारियों को सचेत होना चाहिए। इससे बड़ी अनहोनी से बचा जा सके।

6 मई: 6 जिंदगियों को बमुश्किल बचाया

6 मई की रात फंकज जैन की पैलालिया चौराहा स्थित खुशी मोटर्स व निर्मोना मोटर्स के इलेक्ट्रिक गाड़ियों के शोरूम में आग लगी। 35 नई गाड़ियां, दो सर्विस पर आई और तीन पुरानी गाड़ियां सहित सिंघाई के पहुंच गया हुए। पता करीब 2 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगी। लाखों का नुकसान हुआ। इतना ही नहीं मकान में चल रहे जिंदगियों को बमुश्किल बचाया गया। वह आग भड़क जाती है कई जाने भी जा सकती थी।

कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक आज सिरोंज में, कल कुरवाई, 17 को विदिशा में होगी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

जिले कांग्रेस द्वारा तीन दिवसीय विधानसभा स्तरीय संगठन संबंधी बैठकों का आयोजन विधानसभा मुख्यालयों पर किया जाएगा।

बैठक में संगठन के गठन, गतिविधियों एवं कार्ययोजना पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। उक्त बैठकों में जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित विधानसभा क्षेत्रों के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधि, मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी सहित वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील रुसी ने बताया कि 15 मई को सिरोंज में 11 बजे एवं शमशाबाद में 3 बजे विधानसभा स्तरीय बैठक रखी गई है। 16 मई को कुरवाई में 11 बजे एवं गंजबासौदा में 3 बजे बैठक आयोजित होगी। 17 मई को 11 बजे विदिशा में विधानसभा स्तरीय संगठन की बैठक रखी गई है। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में विदिशा जिले को पायलट प्रोजेक्ट के तहत चुना है। जिसके तहत संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ मंडलम स्तर तक सर्वसंगठनों का गठन कर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना एक बड़ा लक्ष्य तय किया गया है।

सिरोंज में बड़ा हादसा टला, नरवाई की आग पेट्रोल पंप तक पहुंची, करोड़ों का गेहूं बचा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिरोंज-बासौदा रोड पर गुरुवार दोपहर खेत में लगी नरवाई की आग तेजी से फैलते हुए पेट्रोल पंप की बाउंड्रीवाल तक पहुंच गई, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई। पेट्रोल पंप के पीछे बने तीन बड़े वेयरहाउस में सब्सिडी मूल्य पर खरीदा गया करोड़ों रुपये का गेहूं रखा था। समय रहते नगरपालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। यदि आग पेट्रोल पंप या गोदामों तक पहुंचती तो भारी नुकसान हो सकता था। सभासद बंटी रुपेरिया से लेते हुए एसडीएम हरिसिंह चिकलवार ने खेत मालिक की पहचान कर उसके खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की है।

पेट और सीने में दर्द होने पर कराया था भर्ती, बंगाली डॉक्टर हिरासत में

इंजेक्शन के रिएक्शन लेने से 3 मिनट में मौत

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

अटारी सेक्शन में एक डोलोडाग बंगाली डॉक्टर की लापरवाही ने , हंसते-खेलते परिवार को मातम में डुबो दिया। सुआखेड़ी निवासी – मंगीलाल लोधी दुग्धधार सुबह – खुद चलकर इलाज कराने पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टर के कहने इंजेक्शन ने उन्हें वापस घर नहीं – लौटने दिया।

आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच किए एक के बाद एक दो तेज डोज वाले इंजेक्शन लगा दिए। जिससे महज 3 मिनट के भीतर पेशेंट्स की मौत हो गई। मौके पर मौजूद परिजनों ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पैनी विश्वास को हिरासत में लेकर कस्टिनिक को जांच के दायरे में लिया है। जिले की बात करें तो करीब 2 हजार रजिस्टर्ड डॉक्टरों के कस्टिनिक, 31 नर्सिंग होम चल रहे हैं। एक साल में 4 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरीजों के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच किए एक के बाद दो तेज डोज वाले इंजेक्शन लगा दिए। जिससे महज 3 मिनट के भीतर पेशेंट्स की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पैनी विश्वास को हिरासत में लेकर कस्टिनिक को जांच के दायरे में लिया है। जिले की बात करें तो करीब 2 हजार रजिस्टर्ड डॉक्टरों के कस्टिनिक, 31 नर्सिंग होम चल रहे हैं। एक साल में 4 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरीजों के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच किए एक के बाद दो तेज डोज वाले इंजेक्शन लगा दिए। जिससे महज 3 मिनट के भीतर पेशेंट्स की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पैनी विश्वास को हिरासत में लेकर कस्टिनिक को जांच के दायरे में लिया है। जिले की बात करें तो करीब 2 हजार रजिस्टर्ड डॉक्टरों के कस्टिनिक, 31 नर्सिंग होम चल रहे हैं। एक साल में 4 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरीजों के परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच किए एक के बाद दो तेज डोज वाले इंजेक्शन लगा दिए। जिससे महज 3 मिनट के भीतर पेशेंट्स की मौत हो गई। मौत के बाद परिजन ने हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने पैनी विश्वास को हिरासत में लेकर कस्टिनिक को जांच के दायरे में लिया है। जिले की बात करें तो करीब 2 हजार रजिस्टर्ड डॉक्टरों के कस्टिनिक, 31 नर्सिंग होम चल रहे हैं। एक साल में 4 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरीजों

तोरण सिंह ने बताया कि चाचा कमलिया को सुबह पेट और सीने में दर्द महसूस हो रहा था। सुबह 9 बजे हम उन्हें लेकर डॉ. विश्वास के पास पहुंचे। डॉक्टर ने बिना समय गंवाए एंटीसिक इंजेक्शन लगा दिया। जब उन्हें चक्कर आने लगी, तो डॉक्टर ने तुरंत सूतर डायक्लोफिनेक इंजेक्शन लगा दिया। दूसरा इंजेक्शन शरीर में जाते ही उनकी तेज चक्कर आए और वे वहीं गिर पड़े। 9.30 बजे तक उनकी मौत हो चुकी थी।

इसलिए पनप रहे झोलाछाप

गांवों में बने उपशासकीय केंद्र और प्रशिक्षित स्वास्थ्य सेंटर सिर्फ इमारतों तक सीमित हैं। स्टाफ और डॉक्टरों की कमी के कारण वह संचालित नहीं हो पा रहे और लोगों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि ग्रामीण इन प्रोजेक्टरों के जाल में फंसने को मजबूर हैं।

नाम पीके विश्वास (कथित बंगाली डॉक्टर)

विदिश कोई रजिस्टर्ड डिग्री नहीं पाया गया। 2 साल का आधुनिक चिकित्सिकल डिप्लोमा। कार्यवाहक पुलिस ने हिरासत में लिया, परिजनों के बयान के बाद केस दर्ज होगा। 12 जुलाई 2025 में लोटरी से भी एक बच्चे पेट गुलाबाग की मौत फर्जी डॉक्टर सोहेल साहू के इलाज से हो गई थी। विदिश में डिग्रीधारी के दौरान उपचार और बच्चा दोनों की मौत हो चुकी है। बागरोद चौराहे पर भी फर्जी डॉक्टर के इलाज से एक मरीज की मौत हो चुकी है।

झोलाछाप का सच

आरोपी डॉक्टर पीके विश्वास एलोपैथिक सील के निर्देश दिए हैं अपनी क्लिनिक से हटकर या बिना किसी उपचार करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी। खान अपनी को एकजुटता करने की बात कही है। यहीं बैठकों को सर्टिफिक सीख करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. एमडिट खुराना, सीएमएचओ

विदिशा में दंपति ने पुलिस पर मारपीट और अभद्रता के लगाए आरोप

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

विदिशा जिले के गंजबासौदा थाना क्षेत्र के रायसेनखेड़ी गांव निवासी एक दंपति ने पुलिस पर मारपीट और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

गुरुवार को बालाराम अहिरवार अपनी पत्नी सुनीता अहिरवार के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत देकर न्याय की मांग की। पीड़ित दंपति का आरोप है कि गांव में हुए एक विवाद के बाद उन्होंने 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के कुछ समय बाद पुलिस उन्हें थाने लेकर गई, जहां थाना प्रभारी जितेन्द्र ठाकुर और एक आरक्षक ने उनके साथ मारपीट की। दंपति का दावा है कि पुलिस ने अभद्र व्यवहार किया और महिला को कूछे मारने से रुकाने की धमकी भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरवंश चौरे ने बालाराम सिंह शिकायत प्राप्त होने के बाद जांच एसडीओपी को सौंप दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजस्थान-गुजरात से आ रहीं तपती हवाएं बढ़ा रहीं असर, रातें भी होने लगीं गर्म

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

जिले में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 28.7 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक गर्म संकाश में हीट वेव चलने की संभावना जताई है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार राजस्थान और गुजरात की ओर से आ रही शुष्क और अत्यधिक गर्म हवाएं मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में तापमान बढ़ा रही हैं। पूरापी और इस समय कोई पश्चिमी विक्षोभसक्रिय नहीं होने के कारण ना बारिश जैसी राहत की संभावना फिलहाल नहीं बन रही। इसी कारण दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी लगातार ऊपर जा रहा है।

गुरुवार को प्रदेश से सबसे गर्म शहरों में खजुराहो 45.4 डिग्री के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद ग्वालियर 45.2, पार 45.0, बैतूल 44.9 और विदिशा 44.8 डिग्री के साथ चौथे स्थान पर रहा। मौसम जानकारों का कहना है

इसलिए बढ़ रही है गर्मी

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस बार अप्रैल से ही उत्तर पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक गर्मी दर्ज की जा रही है। इसका असर मध्यप्रदेश के मध्य जिलों पर भी पड़ रहा है। सूखी हवाओं और गर्मी की कमी के कारण जमीन तेजी से तप रही है, जिससे हीट वेव की स्थिति बन रही है।

कि मई के पूरे पखवाड़े में यदि उत्तर भारत में कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ तो तापमान 45 डिग्री के पार भी जा सकता है।

पुनर्जीवित का श्रमदान चिलचिलाती धूप में भी श्रमदानियों का उत्साह नहीं हो रहा कम

कड़ी धूप से बढ़े तापमान के बावजूद पांचवे दिन 22 नए चौक डेम बने

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

बेतवा नदी के सूखे उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए 10 मई को शुरू हुए बरखान संरक्षक के पांचवे दिन 14 मई को एक दर्जन श्रमदानी सुबह आठ बजे डिरी स्थित उद्गम स्थल पहुंचे।

कड़ी धूप से बढ़े तापमान के बावजूद पांचवे दिन 22 नए चौक डेम बने। इस वर्ष पांचवे दिन तक के श्रमदान में पिछले वर्ष बने 55 चौक डेम की संख्या के आंकड़ा 32 नए चौक डेम बन चुके हैं और सबसे अच्छे पायदी बुंड को पुनर्जीवित किया गया है जो आठ फीट गहरे में तब्दील पूरी तरह बंद हो चुका था।

गुरुवार को बुंड ने एक फीट से अधिक पानी उगल मिला जिससे इलाके के भूगर्भीय जल्स पुआ रहे हैं। कल बनारस, पीनपुर ऐतार प्रयेशां और विदिशा से कुछ नए साथियों के श्रमदान में शामिल होने के संदेश प्राप्त हुए हैं। उम्मीद है कि अगले दो दिन कुछ और नए साथी श्रमदान के लिए आने आएंगे और हम लोग पिछले साल से भी अधिक जल संरक्षण के कार्य करने में सफल होंगे।

बेतवा उद्गम स्थल ग्राम डिरी में ओजस्कर हाई स्कूल की टीम ने जैव श्रमदानपर्यावरण संरक्षण एवं नदी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ओलंपिक हाई

स्कूल की टीम ने बेतवा नदी के उद्गम स्थल ग्राम डिरी में श्रमदान अभियान चलाया। प्रधानाचार्य गंगाविनी विभाकर जी आदर्श पालीवाल एवं डी सुरेश गर्ग के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस

अभियान में विद्यालय के विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता कार्य किया तथा क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाने में योगदान दिया। जागरूकता के दौरान टीम ने उद्गम स्थल परिसर में सफाई

कर लोगों को नदियों एवं जल स्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों की सुरक्षा एवं स्वच्छता आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और छात्राओं की भागीदारी से ही इस दिशा में सकारात्मक बदलाव संभव है।

इस अवसर पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी एवं विद्यालय परिवार ने सभी से नदियों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

गंजबासौदा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, मंडी क्षेत्र में बढ़ी परेशानी

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

गंजबासौदा की नवीन कृषि उपज मंडी के सामने स्थित सरकारी भूमि पर अस्थायी दुकानों के अतिक्रमण की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि यहां अवैध रूप से गुमटियां लगाकर सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। शासन दुकान और मुख्य मार्ग के किनारे एक दर्जन से अधिक गुमटियां संचालित होने से सड़क संकरी हो गई है, जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। मंडी में आने वाले किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल रही, जिससे कारण कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम के समय सब्जियों की बीच जाम होने से समस्या और गंभीर हो जाती है। प्रशासन पहले भी इस क्षेत्र से अतिक्रमण हटा चुका है, लेकिन कुछ समय बाद दोबारा कब्जा होने की शिकायत सामने आई है। मामले को लेकर तहसीलदार अर्चपेंद्र यादव ने जांच के बाद जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-13,2083

राजगढ़, दिन शुक्रवार,दिनांक 15 मई 2026

न्यूज गैलरी

डॉ. वर्मा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष

सुसनेर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा मेघवाल समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भवानी शंकर वर्मा को अनुसूचित जाति मोर्चा (अजा मोर्चा), जिला आगर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. वर्मा पूर्व में भी अजा मोर्चा आगर के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

खेड़ापति हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हुई

तलेन। नगर के समीप ग्राम ससलाखेड़ी में दक्षिणमुखी खेड़ापति हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को श्रद्धा और धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में गई से पंचकुंडीय हनुमान महायज्ञ के साथ शुरू हुआ था। गांव के पुजारी ओमप्रकाश वैष्णव ने बताया कि आयोजन के दौरान श्रीराम कथा का भी आयोजन किया गया, जिसके कथावाचक पंडित ओमप्रकाश शर्मा रहे। वहीं यज्ञाचार्य पंडित सतानंद शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने खेड़ापति हनुमान जी के दर्शन कर महाप्रसादी ग्रहण की। पूरे गांव में धार्मिक और उत्साही माहौल बना रहा।

माहेश्वरी समाज की नवीन कार्यकारिणी घोषित

सुसनेर। माहेश्वरी समाज सुसनेर की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें पुरुषोत्तम दास मोदानी को अध्यक्ष एवं युवा विपिन लड्ढा को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अनिल बाहेती को उपाध्यक्ष, अक्षय बाहेती को सह सचिव तथा राजेंद्र बजाज को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मुख्य सड़कों पर अतिक्रमण से जाम

अशोकनगर। शहर के मुख्य बाजार और व्यस्त सड़कों पर इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आलम यह है कि सड़कों पर ऑटो-रिक्शा, ट्रैक्टर-ट्रॉली, मालवाहक पिकअप और मवेशियों के एक साथ होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहनों और बीच सड़क पर घूम रहे आवारा मवेशियों के कारण पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि भारी वाहनों के प्रवेश का समय निर्धारित न होने और पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से आए दिन जाम के हालात बनते हैं। प्रशासन की अनदेखी के चलते वाहन चालक घंटों कतारों में फंसने को मजबूर हैं, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी हो रही है।

जंगलनुमा इलाके में बंधक बनाया, लूटपाट के बाद रास्ते में छोड़कर गायब

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष का अपहरण... हथियारों की दम पर ट्रांजेक्शन, चेक पर भी कराए हस्ताक्षर

कोतवाली पुलिस थाने में 0 पर एफआईआर, कुरावर पुलिस कर रही पड़ताल

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ़

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा के साथ हाईवे पर अपहरण, लूटपाट और ऑनलाइन ठगाही का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दीपक शर्मा ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 10 मई को वे कार से भोपाल जा रहे थे। कुरावर के पास दीवान बल्डी क्षेत्र में 7-8 बदमाशों ने उनकी कार रुकवाई और उन्हें रोक लिया। इसी दौरान नरसिंहगढ़ जाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि बदमाशों ने तलवार और चाकू की नोक पर उनसे नकद रुपए, मोबाइल, घड़ी, सोने की चेन और अन्य सामान छीन लिया। इतना ही नहीं ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवाए व पर्स में रखे नहीं, बदमाशों ने फोन पे और यूपीआई के जरिए चेक पर भी हस्ताक्षर करवा लिए।

दीपक शर्मा के अनुसार बदमाश करीब डेढ़ घंटे तक उन्हें अपने चंगुल में रखे रहे। इस दौरान उन्हें सुनसान जंगलनुमा इलाके में ले जाया गया। वहां हथियार दिखाकर धमकाया गया और जेब में रखे करीब 15 हजार रुपए छीन लिए गए। इसके बाद बदमाशों ने उनके मोबाइल से पत्नी, बेटी और परिचितों को कॉल करवाए। फोन पर दीपक शर्मा से कहलवाया गया कि उन्हें पैसों की जरूरत है और तत्काल रुपए भेजे जाएं।

बदमाशों के दबाव में पत्नी-बेटी और परिचितों से मंगवाए रुपए

दीपक शर्मा ने बताया कि बदमाशों के दबाव में पहले उनके फोन से खाते में रुपए ट्रांसफर करवाए गए। उनकी बेटी से 3 हजार रुपए ट्रांसफर करवाए गए। दीपक शर्मा के फोन पे खाते में पहले से करीब 12 हजार रुपए मौजूद थे। इसके अलावा परिचितों से भी अलग-अलग ट्रांजेक्शन करवाए गए। बाद में बदमाशों ने एक यूपीआई खाते में कुल 61 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए। दीपक शर्मा के अनुसार आरोपी लगातार हथियार दिखाकर धमका रहे थे। पिस्टल निकालने की बात भी कह रहे थे। बदमाशों ने उनका पर्स, मोबाइल, घड़ी और सोने की चेन भी छीन ली। पर्स में रखी चेक पर हस्ताक्षर करवाकर चेक भी अपने साथ ले गए।

सुनसान रास्ते पर छोड़कर भागे बदमाश: दीपक शर्मा ने बताया कि घटना के बाद बदमाश उन्हें सुनसान इलाके में छोड़कर चले गए। उनकी कार वापस कर दी गई और कहा गया कि इस रास्ते से चले जाओ। इसके बाद वे किसी तरह वापस राजगढ़ पहुंचे। तब तक रात करीब 10 बज चुके थे। बाद में उन्होंने परिजनों और परिचितों को पूरी जानकारी दी। राजगढ़ लौटने के बाद कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई।

पुलिस का दावा-जल्द आरोपियों को पकड़ लेंगे

कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मखेनिया ने बताया कि 0 पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना के लिए केस कुरावर थाने भेजा गया है। वहीं कुरावर थाना प्रभारी जितेंद्र गाडे ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नक्शा मौका और पंचनामा कार्रवाई की है। मामले में लगातार सर्चिंग और जांच की जा रही है। पुलिस हर एंगल और संभावनाओं पर पड़ताल कर रही है। गाडे ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

लूट का तरीका.. हथियारों की नोक पर करवाए कॉल

पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाला पहलू ये रहा कि बदमाशों ने खुद दीपक शर्मा से पत्नी, बेटी और परिचितों को कॉल करवाए। हथियारों के डर से उन्होंने फोन पर पैसों की जरूरत बताई, जिसके बाद अलग-अलग लोगों ने ऑनलाइन ट्रांसफर किए। पुलिस इन ट्रांजेक्शन और यूपीआई खातों की भी जांच कर रही है।

अनजान महिला कर्मचारी का कॉल लिंक

दीपक शर्मा ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ दिन पहले राजगढ़ की एक महिला सरकारी कर्मचारी का उनके पास फोन आया था। महिला को वे पहले से नहीं जानते, उसने मिलने और कुछ काम होने की बात कही थी। घटना वाले दिन भी कॉल आने की बात कही गई है। दीपक शर्मा का कहना है कि वे उस महिला से कभी नहीं मिले। पुलिस इस कॉल लिंक सहित अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। भास्कर की पड़ताल में संबंधित महिला कर्मचारी के गुरुवार को कार्यस्थल पर गैर हाजिर रहने की जानकारी सामने आई है। हालांकि पुलिस ने अभी किसी भी व्यक्ति की भूमिका की

मलावर में नीट घोटाले के विरोध में एनएसयूआई का प्रदर्शन, पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ़

ब्यावरा विधानसभा के गादिया ब्लॉक स्थित मलावर में गुरुवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कथित नीट परीक्षा घोटाले और पेपर लीक के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री और एनटीए चेयरमैन का पुतला दहन किया। प्रदर्शन विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर और नगर अध्यक्ष सुभाष यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता की कमी के कारण छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर हुआ है। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन में परीक्षा घोटाले में शामिल लोगों पर कठोर कार्रवाई की बात कही गई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि परीक्षा प्रणाली में सुधार और छात्रों को न्याय मिलने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

स्लॉट बुक ,के 15 दिन बाद आओ, परेशान किसान व्यापारियों को गेहूं बेचने को मजबूर

डीआर संवाददाता ▸▸ ब्यावरा

उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले किसान खासे परेशान हैं। स्लॉट बुक कराने पर उनको 10-15 दिन बाद की तारीख दी जा रही है। इसके भी जब किसान फसल बेचने पहुंचता है तो ये तय नहीं की उसका नंबर तुरंत ही आ जाएगा ऐसे में जब अधिक समय लगता दिखाई देता है तो किसान को मजबूरी में फसल व्यापारियों को बेचनी पड़ती है, जो उनसे कम दाम पर फसल खरीदते हैं। हालांकि कलेक्टर के निर्देश के बाद मंडी सचिव ने 4 व्यापारियों को नोटिस भी जारी किए हैं, लेकिन अब भी कई लोग हैं, जो बिना लाइसेंस के गेहूं खरीदने का काम कर रहे हैं। दरअसल किसान

फसल कटाई का बेसब्री से इंतजार करते हैं। क्योंकि शादी या परिवार में कोई भी कार्यक्रम हो वह फसल बिक्री के बाद ही करता है। सरकार ने इस बार समर्थन मूल्य 2625 रुपए घोषित किया है, इसलिए किसान भी अच्छे भाव के लिए सरकारी केंद्र या मंडी में फसल बेचना चाहता है। इसमें किसानों को दिक्कत ये आ रही है कि एक स्लॉट आज बुक करा रहे हैं तो उनको फसल बेचने के लिए 10-15 दिन बाद की तारीख दी जा रही है। उदाहरण के लिए कन्हैयालाल नगर निवासी उरकड़ियाखेड़ी ने 1 मई को स्लॉट बुक किया था, उन्हें 13 मई को खरीदी केंद्र पर पहुंचने की तारीख दी गई थी। इसमें फसल लाने का समय 8 से दोपहर 12 बजे तक लिखा गया है।

मौके का फायदा उठा रहे

किसानों को जल्दी नहीं होती वह तो फसल बेचने का इंतजार करते हैं। जबकि जिनके घर कोई कार्यक्रम होता है या कोई अन्य काम होता है, वे मजबूरी में व्यापारियों के पास फसल बेचते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के आसपास हैं करीब 20 लोग इस काम में किसानों का गेहूं खरीदने का काम कर रहे हैं। जिनमें के पास भी लाइसेंस ही नहीं है। ये बकाई पूरी तरह सप्ताह सचिव तौल में कर ये ग्रामीण पहुंचे थे। इसके बाद मंडी सचिव की कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए थे। हालांकि मंडी सचिव ऐसे तरह लोगों के मुताबिक 4 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

खिलचीपुर बस स्टैंड की बदहाल स्थिति, गंदगी से यात्री परेशान

डीआर संवाददाता ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में नगर परिषद शहर को स्वच्छ दिखाने के लिए दीवारों पर स्वच्छता संदेश और पेंटिंग करवा रही है, लेकिन शहर के प्रमुख बस स्टैंड की हालत इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। बस स्टैंड क्षेत्र में नालियां गंदगी से भरी हुई हैं और कीचड़युक्त पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का

सामना करना पड़ रहा है। बस से उतरते ही यात्रियों को बदबू और सड़क पर फैला गंदा पानी दिखाई देता है। खेड़ी बावड़ी मंदिर जाने वाले श्रद्धालु भी इसी मार्ग से गुजरते हैं और उन्हें गंदे पानी के बीच से निकलना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से यहां नियमित सफाई नहीं हुई है, जिससे नालियों में कचरा जमा हो गया है और जल निकासी पूरी तरह प्रभावित हो गई है। नालियों पर गुमटियां रखकर किए गए अतिक्रमण के कारण सफाई कार्य भी बाधित हो रहा है। नागरिकों ने नगर परिषद से सफाई अभियान चलाने, अतिक्रमण हटाने और जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

पीड़ित परिवार से मिले मंत्री , सहायता राशि की घोषणा

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ़

राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को पचोर पेट्रोल पंप हादसे में जान गंवाने वाले बलराम गुर्जर के परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने मृतक के बड़े भाई चंदरसिंह, बेटे कपिल और अर्जुन सहित अन्य परिजनों से मिलकर हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। मंत्री ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री कोष से मृतक के परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो प्रशासन के माध्यम से परिवार तक पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा हादसे में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए 10-10 हजार रुपये की मदद भी प्रदान की गई है।उन्होंने टेटवाल ने मृतक के एक बेटे को किसी संस्थान में नौकरी दिलाने का प्रयास करने का आश्वासन भी दिया, ताकि परिवार को भविष्य में सहारा मिल सके। खास बात यह रही कि मंत्री खजनपुर से पचोर तक करीब 30 किलोमीटर की यात्रा सार्वजनिक बस से पहुंचे और फिर ई-बाइक चलाकर मृतक के घर गए। उन्होंने कहा कि ईंधन बचत और जनजागरूकता के उद्देश्य से इस तरह की पहल की जा रही है। साथ ही हादसे की जांच के लिए कमेटी गठित कर निकायों को फायर सेफ्टी का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं।

हादसे में महिला की मौत, बेटे का रिश्ता देखकर लौट रहा था परिवार

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ़

राजगढ़ जिले के जीरापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान डूंगरगांव निवासी दुर्गाबाई बमोरी के रूप में हुई है। वह अपने पति शंकरलाल बमोरी और बेटे के साथ पीपलास गांव से बेटे के रिश्ते के लिए लड़की देखकर लौट रही थीं। हादसा भटूरिया गांव के निकलकर जोड़ के पास हुआ, जहां बाइक अचानक असंतुलित हो गई।

पुलिस के अनुसार, बाइक से गिरने के बाद दुर्गाबाई सड़क पर जा गिरीं और सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गईं। ट्रक का पहिया सिर पर चढ़ने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के दौरान बाइक चला रहे पति और पीछे बैठा बेटा सुरक्षित बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलते ही जीरापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और भागने की कोशिश कर रहे ट्रक चालक के वाहन को जब्त कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया।

पथराव मामले में दो आरोपी दोषी, छह माह की सजा

डीआर संवाददाता ▸▸ माचलपुर/खिलचीपुर

राजगढ़ जिले की खिलचीपुर अदालत ने पुलिसकर्मियों और फरियादी के साथ मारपीट तथा पथराव के मामले में दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विवेक शर्मा की अदालत ने आरोपी मोहन और कैलाश को छह-छह माह के कारावास और एक-एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह मामला 11 सितंबर 2018 का है, जब भोजपुर थाना पुलिस रोगलपुरा स्थित रामदेव मंदिर में लगे मेले के दौरान कानून व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात थी। अभियोजन के अनुसार, करीब 25 से 30 लोग डीजे के साथ जुलूस लेकर खेत से गुजर रहे थे, जिससे मक्का की फसल खराब होने लगी। विरोध होने पर विवाद बढ़ गया और कुछ लोगों ने पुलिस पर गाली-गलौज करते हुए पथराव शुरू कर दिया। घटना में आरक्षक सुधाकर, एएसआई जितेंद्र अजनारे और सैनिक दिलीप तिवारी सहित कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों के बयान पेश किए, जिनके आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया

स्वच्छता सर्वे बांकपुरा किसान महापंचायत में गूंजा जमीन विवाद, मंत्री पंवार बोले-बना दिया है

उद्योगपति आ जाए या मुख्यमंत्री भी आ जाएं, पहले मैं इस्तीफा दूंगा,पहले इस्तीफा दूंगा फिर बात होगी

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ़

ब्यावरा से करीब 15 किलोमीटर दूर बांकपुरा गांव में 219 बीघा जमीन विवाद को लेकर बुधवार को किसान महापंचायत आयोजित की गई। इस महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और दावा किया गया कि लगभग 50 गांवों के किसान इसमें शामिल हुए। किसानों को इस मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों का समर्थन भी मिला। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री नारायण सिंह पंवार ने किसानों की समस्याएं सुनते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि कितना भी बड़ा उद्योगपति आ जाए या मुख्यमंत्री भी आ जाएं, पहले मैं इस्तीफा दूंगा, फिर

आगे बात होगी। मंत्री का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

महापंचायत के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने भी किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि दिलीप बिल्डकॉन या किसी भी निजी कंपनी को एक इंच जमीन नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह जमीन किसानों की अस्मिता, आजीविका और आने वाली पीढ़ियों के अधिकार से जुड़ी हुई है। किसानों ने भी प्रस्ताव पारित कर स्पष्ट किया कि गांव की जमीन किसी निजी कंपनी को नहीं सौंपी जाएगी।

किसानों का आरोप है कि वे वर्षों से इस जमीन पर खेती कर रहे हैं और यह उनकी आय का मुख्य स्रोत है। उनका कहना है कि प्रशासन जमीन का सीमांकन कर निजी कंपनी को सौंपने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

वहीं, दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के मैनेजर अशोक तोमर ने कहा कि 219 बीघा जमीन पूरी तरह वैधानिक प्रक्रिया के तहत खरीदी गई है। संबंधित जमीन मालिकों ने शासन से अनुमति लेने के बाद जमीन बेची थी। कंपनी के अनुसार रजिस्ट्री, नामांतरण और सीमांकन भी नियमों के तहत हुआ है तथा जमीन पर सीएनजी प्लांट और नेपियर घास की खेती की जा रही है। कंपनी का दावा है कि कुछ लोग कब्जा छोड़ना नहीं चाहते, जिसके कारण विवाद की स्थिति बनी हुई है।

राजगढ़ में बिना फार्मर आईडी नहीं मिलेगा खाद-बीज, गांव-गांव लगेंगे पंजीयन शिविर

डीआर संवाददाता ▸▸ राजगढ़

राजगढ़ जिले में किसानों के लिए फार्मर आईडी बनवाना अब जरूरी कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने फार्मर रजिस्ट्री और क्रॉप कलेक्टिंग के कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। अब जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों का पंजीयन कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ई-विकास प्रणाली में पंजीकरण के बाद ही किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

गुरुवार को वीडियो

कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसानों तक सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के लिए फार्मर आईडी का शत-प्रतिशत लिंक होना आवश्यक है। इसके लिए पंचायत भवनों और अटल सेवा केंद्रों में फार्मर आईडी जनरेट की जाएगी। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री या क्रॉप कलेक्टिंग लंबित है, उन्हें पहले से सूचना देकर शिविरों में बुलाया जाएगा।

कलेक्टर ने जनपद पंचायत अधिकारियों, पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों को अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ई-विकास प्रणाली से जुड़े कार्यों को गति देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा सहकारी समितियों में रिटेलर मोबाइल ऐप को सक्रिय करने पर भी जोर दिया गया, ताकि खाद-बीज वितरण प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी बन सके। अभियान की निगरानी के लिए सुनील बामनिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।